卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐जय माता दी卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 301 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦8 अगस्त 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## भूस्खलन से होटल जमींदोज

रुद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। गौरीकुंड हाईवे पर मंगलवार सुबह भारी भूस्खलन के चलते हाईवे पर रामपुर में होटल जमींदोज हो गया। वहीं, अगस्त्य मुनि से सोनप्रयाग के बीच हाइवे कई जगहों पर बाधित है। बताया जा रहा है कि यह होटल शहर का सबसे पुराना होटल था। इसे पहले भी खाली कराया जा चुका था। बता दें कि रुद्रप्रयाग देश के 10 सबसे अधिक भूस्खलन खतरे वाले जिलों में से पहले नंबर है। इसकी तस्दीक पिछले तीन-चार दशकों के दौरान जिले में भूस्खलन की वे बड़ी घटनाएं हैं, जिनमें हजारों लोग मारे गए या लापता हो गए। सोनप्रयाग में अवैध अतिक्रमण के तहत चिह्नित 65 दुकानों में से 40 को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया है। तीन दिनों में



सोनप्रयाग से गौरीकुंड तक कुल 265 दुकानें तोड़ दी हैं। ये सभी कच्ची व अस्थायी दुकानें रुद्रप्रयाग -गौरीकुंड राजमार्ग के दोनों तरफ अवैध तरीके से बनाई गईं थी। सोमवार को नायब तहसीलदार जयकृत सिंह रावत के नेतृत्व में सुबह 10 बजे से अतिक्रमण वाली दुकानों को तोड़ने का काम शुरू किया। दोपहर तक प्रशासन की टीम ने मशीन की मदद से सभी दुकानें ध्वस्त कर दी थीं। नायब तहसील दार ने बताया कि सोनप्रयाग में शटल टैक्सी सेवा स्टैंड से बस स्टेशन तक 65 दुकानें अवैध चिह्नित की गईं थी। 25 दुकानें बीते रविवार को तोड़ दी गईं थी। इस दौरान शेष दुकानों से जुड़े लोगों ने भी अपना सामान समेट लिया था। बता दें कि इससे पूर्व बीते पांच अगस्त को गौरीकुंड में 40 अवैध कच्ची दुकानों को तोड़ा गया था। जबकि रविवार को(शेष पृष्ठ 7 पर)

## बरसाती नाले में बहा युवक, शव बरामद

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। देर रात भारी बारिश के बाद बरसाती नाला उफान पर आ गया। इस दौरान तेज बहाव की चपेट में आने से एक युवक बह गया। सूचना मिलने पर एसडी आरएफ ने सर्च ऑपरेशन चलाया। टीम ने युवक का शव शिवपुरी से बरामद किया है। स्थानीय लोगों के अनुसार 30 वर्षीय गौतमपुत्र बलबीर सिंह, निवासी ग्राम बदल शिवपुरी, नरेंद्रनगर ब्लू हेवन किचन रस्टोरेंट में काम करता था। सोमवार रात को वह वहां काम कर रहा था, इसी दौरान बरसाती नाले के उफान पर आने से वह गदेरे में बह गया। सुबह एसआई सचिन रावत की टीम घटनास्थल के आस -पास के स्थानों पर युवक की तलाश में निकली। इस दौरान नदी से युवक का शव मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है साथ ही परिजनों को सूचना दे दी है।



## कमरे में फांसी पर लटका मिला सिडकुल कर्मी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में काम करने वाला श्रमिक आज प्रातः अपने किराये के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका पाया गया। सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर खड़े लोगों से आवश्यक जानकारी ली। । मामले की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से मोहल्ला कायस्थान वार्ड एक पूरनपुर पीलीभीत निवासी करीब 27 वर्षीय सूरज कुमार प्रजापति पुत्र राम भजन प्रजापति यहां मौहल्ला अरविंदनगर ट्रांजिट कैम्प में किराये के कमरे में अकेला रहकर सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। बताया जाता है कि गत सायं ड्यूटी



से लौटने के बाद उसने खाना खाया। आज प्रातः करीब सात बजे उसने पड़ोस में ही स्थित परचून की दुकान से कुछ सामान भी खरीदा। लगभग साढ़े आठ बजे वह संदिग्ध रूप से कमरे में फांसी पर लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही वहां आस पड़ोस के लोगों की भीड़ लग गई। मामले की सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने मौके का निरीक्षण कर शव अपने कब्जे में लिया और जिला चिकित्सालय भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। घटना की सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी आ गये और उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। बताया जाता है कि मृतक तीन भाईयों में मझोला था। उसका बड़ा भाई रवि पूरनपुर में ही शिक्षक है जबकि छोटा सोनू भाई पढ़ रहा है। दोनों बड़ी बहनों का विवाह हो चुका है। पिता रामभजन मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

## रूद्रपुर में एक और शिवलिंग पर उभरे त्रिनेत्र

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी में शिवलिंग पर भगवान भोले बाबा के त्रिनेत्र उभर आने की बात सामने के पश्चात हजारों की संख्या में श्रद्धालुओ ने मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की थी। वहीं आज सुभाष कालोनी में स्थित शिव मंदिर में शिवलिंग पर त्रिनेत्र दिखाई देने की जानकारी मिलते ही भारी संख्या में शिव भक्त पूजा अर्चना करने मंदिर में उमड़ पड़े। जहां उन्होंने शिवलिंग की विधि विधान से पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। इस दौरान शिव भक्तों ने मंदिर परिसर में भजन कीर्तन करना भी शुरू कर दिया। । समाचार लिखे जाने तक मंदिर में सैकड़ों शिव भक्त पूजा अर्चना कर रहे थे। बताया जाता है कि सुभाष कालोनी स्थित शिव मंदिर में पूजा कर रहे कुछ लोगों ने शिवलिंग पर भोले बाबा के खुलते व बंद होते त्रिनेत्र उभरते देखे। यह बात उन्होंने अन्य लोगों को बताई। देखते ही देखते यह खबर पूरी कालोनी में फैल गई और भारी संख्या में शिव भक्त मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंच गये। उन्होंने मन्दिर में पूजा अर्चना कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस चमत्कार की सूचना जिस जिस को भी मिली उसके कदम मंदिर की ओर बढ़ते चले गये।



## भारी बारिश से शेर नाला उफान पर, ग्रामीण बहा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश से चोरगलिया में शेर नाला अचानक उफान पर आ गया। इस दौरान एक ग्रामीण नाले के तेज बहाव में बह गया। वहीं बहाव तेज होने के कारण दोनों तरफ वाहनों की कतार भी लग गई। जानकारी के अनुसार, देर रात नाला उफान पर था। इस दौरान गोलापुर त्रिलोकपुर दानी निवासी त्रिलोक सिंह पुत्र स्व. शिव सिंह अपने छोटे हाथी वाहन को शेर नाला के बीच से दूसरी तरफ ले जाने लगा। इसी कोशिश में वाहन नाले के बीच में ही बंद हो गया। (शेष पृष्ठ सात पर)



## सीएम ने बांटे तीलू रौतेली और आंगनबाड़ी कार्यकत्री पुरस्कार

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को प्रदेश की 14 महिलाओं व किशोरियों को राज्य स्त्री शक्ति तीलू रौतेली पुरस्कार एवं 35 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आंगनबाड़ी कार्यकत्री पुरस्कार से सम्मानित किया। सर्वे चौक स्थित आईआर डीटी सभागार में महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, विशिष्ट अतिथि विभागीय मंत्री रेखा आर्या ने शुभारम्भ किया। इस दौरान तीलू रौतेली पर बनी लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। बाद में मुख्यमंत्री ने पुरस्कार वितरित किये। इस अवसर पर सीएम धामी ने कहा कि मातृ शक्ति आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। भाजपा सरकार महिलाओं के सम्मान एवं उनके हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं को पुरूषों की तरह बराबर अधिकार दिये जा रहे हैं। सरकार महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं चला रही है। इस दौरान समारोह में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की वेशभूषा में समारोह में पहुंची महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि वीरांगना तीलू रौतेली के जन्मदिवस पर आज के दिन बेहतर काम कर रही तीलू रौतेली (शेष पृष्ठ सात पर)




अंतिम अरदास



बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पति **श्री कैलाश चन्द छाबड़ा जी** का स्वर्गवास दिनांक 6 अगस्त 2023 को हो गया है जिनकी आत्मिक शांति के लिए **रस्म पगड़ी 9 अगस्त 2023 दिन बुधवार** को दोपहर **11 से 1 बजे** गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा गोल मार्केट, रूद्रपुर में होगी।

शोकाकुल परिवार

**डा. ज्योति मनोचा-डा. दिनेश मनोचा (पुत्री-दामाद)**
**नमिता सूदन-अनुराग सूदन (पुत्री-दामाद)**
**प्रतिष्ठानः-**
- लायलपुर ट्रेडर्स, रूद्रपुर
- सुरेन्द्र हार्डवेयर स्टोर,रूद्रपुर
- नजारा रेस्टोरेंट ,रूद्रपुर
- होटल अम्बर, रूद्रपुर

**मधु छाबड़ा (पत्नी)**
**अंकित छाबड़ा-आकृति छाबड़ा (पुत्र-पुत्रवधू)**
**ईशान छाबड़ा (पौत्र)**
एवं समस्त छाबड़ा, अरोड़ा, भुगड़ा, जयसवाल, पुष्पकरना परिवार
मो.9837514777, 9997088088

## नशे के इंजेक्शन देकर महिला से दुष्कर्म के मामले में दो गिरफ्तार

हरिद्वार( उद संवाददाता)। महिला को नशे के इंजेक्शन देकर दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके दोस्त को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। माममले में आरोपी महिला की तलाश जारी है। घटना के अनुसार, गंगनहर कोतवाली क्षेत्र स्थित गणेशपुर में तीन दिन पूर्व एक महिला बेहोशी की हालत में मिली थी। पुलिस ने उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया था। महिला ने होश में आने पर बताया था कि वह जुलाई में रोडवेज बस से रुड़की बस स्टैंड पर उतरी थी। मोबाइल रिचार्ज खत्म होने पर वह रिचार्ज की दुकान तलाश कर रही थी। इस बीच उसे एक युवक मिला था। उसने रिचार्ज करने की बात कही थी। इसके बाद युवक उसे रेलवे स्टेशन रोड पर किराए के कमरे पर ले गया था। वहां युवक ने उस पर गलत काम करवाने का दबाव बनाया था। विरोध करने पर युवक ने नशे का इंजेक्शन देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस काम में उसकी पत्नी ने भी सहयोग किया था।(शेष पृष्ठ सात पर)



# जनता की आवाज बिल्कुल नहीं सुन रही सरकार: कांग्रेस

## ❑सितंबर में पदयात्रा निकालेगी कांग्रेस,राहुल व प्रियंका भी शामिल होंगे
## ❑कांग्रेस भवन में ओयाजित बैठक में वरिष्ठ नेताओं ने दिये अहम सुझाव

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की पदयात्रा की तैयारी के संबंध में सोमवार को कांग्रेस भवन में वरिष्ठ नेताओं ने बैठक का आयोजन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि प्रदेशवासी आपदा से जूझ रहे है,कई योजना का विरोध, अंकिता भंडारी हत्याकांड, भर्ती घोटाले सहित बेलगाम महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दों के साथ पदयात्रा निकाली जाएगी। इसमें पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी भी भाग लेंगे। सितंबर में शुरू होने वाली पदयात्रा दो माह तक चलेगी। यह पदयात्रा लगभग सभी विधानसभाओं से होकर गुजरेगी वह खुद उत्तराखंड के जनमानस से जुड़कर उनका दुख-दर्द बांटना चाहते हैं। बैठक में विधायकों, वरिष्ठ नेताओं के अलावा, सभी जिलाध्यक्ष, एआईसीसी के सदस्य, पीसीसी सदस्य एवं कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने भाग लिया। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि आज राज्य में जनता भाजपा शासन से परेशान है। भाजपा की डबल आशा का संचार होगा। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि डबल इंजन के नाम पर राज्य की जनता से छल किया गया है। केंद्र की ओर से कोई भी बडीघ आर्थिक मदद राज्य को नहीं मिल रही है। अगर मिल भी रही है तो कर्ज के रूप में मिल रही है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि आज बेटियां घर





हादसे घटित हो रहे है जानमाल की सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर नहीं है। वहीं केंद्र सरकार द्वारा जिस तरह अग्निपथ योजना को युवाओं के ऊपर थोपा गया, उससे बेरोजगार नौजवान अपने को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। दूसरी ओर अंकिता भंडारी प्रकरण में लगातार सरकार और पुलिस प्रशासन की ओर से लीपापोती की जा रही है। वीआईपी कौन है? जनता पूछ रही है मगर जवाब नहीं मिल रहा है। अग्निपथ और जनता से संवाद करने का माध्यम बनेगी। प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार लोकतंत्र की आवाज को दबाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को न तो डबल इंजन का लाभ मिला न राज्य का विकास हुआ। राहुल गांधी उत्तराखंड की स्थितियों से भलीभांति अवगत हैं। इसलिए वह उत्तराखंड को लेकर गंभीर हैं। तभी उन्होंने उत्तराखंड में पदयात्रा के लिए लंबा समय देने का वचन दिया है। इंजन की सरकार में जनता की आवाज बिल्कुल नहीं सुनी जा रही है। गढ़वाल और कुमाऊं रेजीमेंट के माध्यम से हर साल लगभग 10 हजार युवाओं की भर्ती सेना में होती थी, मगर चार साल की अग्निवीर योजना से युवाओं का भविष्य अंधकार में धकेल दिया गया है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि भाजपा सरकार की नाकामियां जनता के बीच ले जाने की जरूरत है। इस पदयात्रा से निराश जनता में भी एक से निकलने में डर रही हैं। क्योंकि राज्य में लगातार बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं, एक कैबिनेट मंत्री के घर के बाहर एक युवती की बलात्कार के बाद हत्या हो जाती है। इससे राज्य में कानून व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है। पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत ने कहा कि राहुल गांधी कि यह पदयात्रा बहुत ही गंभीरता से होनी चाहिए। यह पदयात्रा निश्चित तौर पर राज्य में परिवर्तन के लिए अहम भूमिका निभाएगी।

## दिग्गजों ने का गुलदस्ता भेंट कर किया देवेंद्र यादव का स्वागत

देहरादून(उद संवाददाता)। आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में टिकट को लेकर भी उत्तराखंड कांग्रेस के नेताओं में हलचल तेज हो गई है। हांलाकि प्रदेश प्रभारी के समक्ष पार्टी नेताओं मे गुटबाजी को लेकर उठ रही आग की चिंगारी बुझा दी गई है। सोमवार को वरिष्ठ नेताओं ने गुटबाजी को दरकिनार कर उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव कांग्रेस मुख्यालय देहरादून पहुंचने पर कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य,पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सिंह, पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने गुलदस्ता भेंट कर जोरदार स्वागत




किया। स्वागत के उपरांत भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की उत्तराखंड यात्रा को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें पूर्व सांसद,सांसद प्रत्याशी, माव विधायक पुर्व विधायक, विधायक प्रत्याशी, जिला अध्यक्ष, प्रकोष्ठ अध्यक्ष, सहित कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक में पहुचे वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व सीएम हरीश रावत ने बताया कि उत्तराखंड कांग्रेस की ऐतिहासिक मीटिंग है। एक ऐतिहासिक 60 दिन की पदयात्रा निकालने का निश्चय, केंद्रीय नेतृत्व को भी आमंत्रित करने का निश्चय किया गया है। आप, मंच और उपस्थिति को देखिए तो आपको उत्तराखंड कांग्रेस के निश्चय की शक्ति मालूम होगी, सबको बहुत-बहुत बधाई। सबने बहुत उद्देश्यपूर्ण और बहुत जोश से भरे हुए सुझाव दिए, लगभग 6 घंटे चली बैठक में यात्रा की योजना के कई पहलुओं पर लोगों के बहुत अच्छे-अच्छे सुझाव सामने आए, शेष कार्य नेतृत्व को सौंपा। हम उम्मीद करते हैं कि सितंबर में इस यात्रा को प्रारंभ करेंगे, कहां से करेंगे, क्या तिथि होगी, यह शीघ्र आपके सामने आएगा।

## दून विश्वविद्यालय की कुलपति ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने भेंट कर दून विश्वविद्यालय में भारत सरकार द्वारा उत्तराखण्ड राज्य के लिए पहली डीएसटी-पर्स लैब की स्थापना के सम्बन्ध में जानकारी दी। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि पर कुलपति सहित विश्वविद्यालय परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह न केवल दून विश्वविद्यालय के लिए बल्कि पूरे उत्तराखण्ड राज्य के लिए गर्व की बात है कि विश्वविद्यालय को डीएसटी-पर्स लैब की स्थापना के लिए चयनित किया गया है। उन्होंने कहा कि डीएसटी-पर्स लैब की स्थापना, विश्वविद्यालय में रिसर्च और नवाचार के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार हेतु सहायक होगी। कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने राज्यपाल को बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार ने दून विश्वविद्यालय, देहरादून में उत्तराखण्ड राज्य के लिए पहली डीएसटी पर्स (पीयूआरएसई) लैब स्थापित करने की मंजूरी दी है। डी०एस०टी० द्वारा अभी तक



इस प्रतिष्ठित पर्स (पीयूआरएसइ: प्रमोशन आफ युनिवर्सिटी रिसर्च एंड साइंटिफिक एक्ससेलेंस) योजना के तहत अनुदान के लिए उत्तराखण्ड राज्य में किसी भी संस्थान का चयन नहीं किया है। दून विश्वविद्यालय उत्तराखण्ड राज्य का पहला विश्वविद्यालय बन गया है जिसमें इस प्रतिष्ठित डीएसटी-पर्स लैब की स्थापना की जाएगी। यह पर्स अनुदान इतना प्रतिष्ठित है कि पूरे उत्तर प्रदेश में केवल अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बी०एच०यू०) ही प्राप्त करने में सफल रहे हैं। 3 अगस्त 2023 को डीएसटी ने अपनी इस योजना के तहत सॉफिस्टिकेटेड इंस्ट्यूमेंटल फैसिलिटीज बनाने के लिए दून विश्वविद्यालय देहरादून को लगभग 06 करोड़ का अनुदान देने की आधिकारिक घोषणा की है। कुलपति ने बताया कि पर्स(पीयूआरएसइ) योजना के तहत भारत सरकार प्रस्ताव आमंत्रित करती है और एक बहुत ही कठोर और प्रतिस्पर्धी माध्यम से विश्वविद्यालयों को अनुदान (ग्रांट) प्रदान करती है। इस योजना के तहत, आवेदक विश्व विद्यालयों को अनुसंधान (रिसर्च) प्रस्ताव, एस०सी०आई० जर्नल में प्रकाशित शोध पत्रों, एच इंडेक्स, आई-10 इंडेक्स, रिसर्च क्रेडेंशियल और रिसर्च आउटपुट के संदर्भ में निर्धारित पात्रता मानदंडों के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जाता है। फरवरी 2023 में, भारत के विभिन्न हिस्सों से, लगभग 70 विश्वविद्यालयों ने डी०एस०टी० को अपने प्रस्ताव प्रस्तुत किए। जुलाई 2023 में दून विश्व विद्यालय द्वारा गुवाहाटी विश्वविद्यालय, गुवाहाटी में पर्स के प्रोजेक्ट मैनेजमेंट बोर्ड के समक्ष एक प्रेजेंटेशन दी। डीएसटी द्वारा 3 अगस्त 2023 को परिणाम घोषित किया गया जिसमें दून विश्वविद्यालय डी०एस०टी० पर्स अनुदान प्राप्त करने में सफल रहा।

## बरसाती नाले को पार करते तीन बाइक सवार युवक बहे

रामनगर(उद संवाददाता)। प्रदेश के कई जनपदों में भारी बारिश ने तबाही मचाई हुई है। लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नैनीताल के रामनगर से भयावह तस्वीर सामने आ रही है। जिसमें बरसाती नाले में बाइक सवार तीन युवक बह गए। रामनगर के ढेला क्षेत्र में तीन बाइक सवार युवक बरसाती नाले को पार करने लगे। इस दौरान तीनों युवक पानी के तेज बाहव से नीचे जा



गिरे। तीनों युवकों के हल्की चोटें आई है। गनीमत रही कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। तीनों युवकों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया है।बताया जा रहा है कि आसपास के लोगों ने युवकों को समझाने की बहुत कोशिश की थी कि नाले से गाड़ी पार करना सुरक्षित नहीं। बावजूद इसके युवक नाले को बाइक के साथ ही पार करने की कोशिश करने लगे और ये हादसा हो गया। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी कर दो से तीन दिन तक भारी बारिश की संभावना जताई है।

## आठ जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट

देहरादून। उत्तराखंड में राजधानी दून समेत आठ जिलों में मंगलवार को भारी बारिश की आशंका है। मौसम विभाग की ओर से देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, चम्पावत, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और ऊधमसिंह नगर जिले के लिए भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। जिसे देखते हुए प्रशासन की ओर से लगातार चेतावनी जारी कर लोगों को सावधान रहने और उफान पर बह रहे नालों को पार न करने की हिदायत दी जा रही है। हालांकि, अन्य जिलों में भी गर्जन और बिजली चमकने के साथ कई दौर की तेज बारिश होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रदेशभर में अगले कुछ दिनों तेज बारिश होने की संभावना है। इसके चलते संवेदनशील इलाकों में भूस्खलन से मार्ग अवरुद्ध हो सकते हैं। भारी बारिश के पूर्वानुमान के चलते देहरादून जिला प्रशासन में नगर निगम क्षेत्र देहरादून , झाझरा और रायपुर विकासखंड के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में मंगलवार को अवकाश घोषित किया है। प्रदेश में 210 सड़कें बंद हैं। सोमवार को 35 सड़कें ही खुल पाईं। लोनिवि के अनुसार, एक दिन पहले से 167 सड़कें बंद थीं। 78 सड़कें सोमवार को बंद हुईं। इस तरह कुल 245 बंद सड़कों में से देर शाम तक 35 सड़कों को खोल दिया गया था। बंद सड़कों में 13 मुख्य जिला मार्ग, आठ जिला मार्ग, चार अन्य जिला मार्ग, 90 ग्रामीण सड़कें और 95 पीएमजीएसवाई की सड़कें शामिल हैं। सड़कों को खोलने के काम में सोमवार को 185 जेसीबी मशीनों को लगाया गया।

## मुख्यमंत्री की घोषणाओं का समय पर हो क्रियान्वयन: डीएम

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जनपद में मुख्यमंत्री घोषणाओं में विभागों द्वारा किए गए अद्यतन कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में नवीन कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त घोषणाओं में किए गए कार्यों को जानकारी विभागीय अधिकारियों से प्राप्त कर कार्यों को समयबद्धता के साथ करने के निर्देश दिये।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियो को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री घोषणाओं के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय साथ ही जो समय अवधि निर्धारित की गयी है उसी के अन्तर्गत सभी विकास कार्य किये जाय इस कार्य में किसी प्रकार कि लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग इस बात का विशेष ध्यान रखे कि किये गये कार्य की प्रगति रिपोर्ट और व्यय ध



नराशि रिपोर्ट जिलाधिकारी कार्यालय को समय से भेजी जाए। उन्होंने कहा कि जिन विभागों में मुख्यमंत्री घोषणायें शासन स्तर पर लंबित है उनके घोषणाओं के लिये शासन को समय-समय पर पत्राचार किया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि होने वाले कार्यों का फील्ड विजिट कर तथा स्टीमेट बनाकर टेंडर प्रक्रिया को करना सुनिश्चित करें साथ जो कार्य पूर्ण हो चुके है उन कार्यों का उपयोगिता प्रमाण पत्र सम्बन्धित विभाग को समय से भेजना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने पेयजल, चिकित्सा, संस्कृति, सिंचाई, पर्यटन, पीडब्ल्यूडी, शिक्षा, जल संस्थान, विद्युत, पर्यटन, बाल विकास, शहरी विकास, उद्यान विभाग सहित सभी संबंधित विभागों की द्वारा वर्तमान में किये गये कार्यों की क्रमवार समीक्षा की और निर्देश दिये अपने अपने स्तर के सभी कार्यों को ससमय से किया जाय। बैठक में जिला विकास अधिकारी एसके पंत सहित समस्त जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिव्या एस्ट्रो प्वाइंट संस्था ने शुभोधुती को किया सम्मानित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।दिव्या एस्ट्रो प्वाइंट के अध्यक्ष एवं संस्थापक डॉ अरविंद शर्मा (दिल्ली)ने दिल्ली में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया था जिसमें 19 विद्वानों ने भाग लिया। दिल्ली के कड़कड़ूमा, क्रॉस रिवर मॉल, ली चीफ, हाल में एक दिवसीय डॉक्टरेट सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें अलग-अलग क्षेत्रों के जाने-माने करीबन 10 वर्षों के अधिक अनुभवी विद्वानों को, उनके अनुभवों के आधार पर दिव्या एस्ट्रो प्वाइंट दिल्ली के संस्था डॉक्टरेट मानद उपाधि सम्मान पत्र मोमेंटो द्वारा विद्वानों को सम्मानित किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर(डॉ)अनिल मित्रा सीईओ, (जी एफ ए एस), डा.शेफाली गर्ग चेयरपर्सन, (जी एफ ए एस) श्रीमती गीतांजलि शर्मा प्रबंध निदेशक दिव्या एस्ट्रो प्वाइंट, गांधी पीस फाउंडेशन नेपाल, के संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर लाल बहादुर राना उपस्थित रहे। प्रोफेसर अनिल मित्रा ने सभी डॉक्टरेट मानद उपाधि प्राप्त करने वालों को बधाई दी डॉक्टरेट मानद उपाधि सम्मान पत्र पाने वालों में मुख्या



रूप से डॉ अर्पिता दास (टैरो एंड हीलिंग) डॉ अस्मिता आचार्य (वेदिक एस्ट्रोलॉजी) डॉ यामिता राय अस्थाना (वेदिक एस्ट्रोलॉजी) दिल्ली से डॉ कंचन सिसोदिया (टैरोट और न्यूमरोलॉजी) दिल्ली से डा कृष्ण कुमार शर्मा (वेदिक एस्ट्रोलॉजी) नोएडा से डॉ बिंदु शर्मा (वेदिक एस्ट्रोलॉजी ,न्यूमरोलॉजी) डॉ शशांक दयाल (वेदिक एस्ट्रोलॉजी) उत्तराखंड के शुभोधुती कुमार मंडल जो वर्तमान में जेमस्टोन रत्नो रुद्राक्ष धार्मिक आध्यात्मिक से संबंधित प्रोडक्ट के बारे में सलाह देते हैं एवं मंडल ज्योतिष वास्तु रत्न सामग्री केंद्र के नाम से प्रतिष्ठान चलाते हैं। शुभोधुती कुमार मंडल करीबन 15 साल से भी ज्यादा समय हो गए हैं जेमस्टोन रत्नों के क्षेत्र में एवं शुभोधुती कुमार मंडल को अलग-अलग क्षेत्रों में 10 से ज्यादा इंडिया इंटरनेशनल वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक के तरफ से सर्टिफिकेट मिल चुके है एवं राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के अलग- अलग संस्था इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी कॉलेज द्वारा बहुत से ऑनलाइन सर्टिफिकेट मिल चुके हैं एवं अलग-अलग संस्था द्वारा राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में अवार्ड, मानद उपाधि सम्मान पत्र द्वारा सम्मानित भी हो चुके हैं इन सब उपलब्धि को देखते हुए शुभोधुती कुमार मंडल को जेमस्टोन रत्नों के क्षेत्र में डॉक्टरेट मानद उपाधि सम्मान पत्र दिव्या एस्ट्रो प्वाइंट के संस्थापक अध्यक्ष एस्ट्रो गुरु डॉक्टर अरविंद द्वारा विद्वानों को डॉक्टरेट मनद उपाधि सम्मान पत्र प्रदान किया गया।

# बॉब ने स्कूल में लगाया वाटर कूलर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप स्थितआदर्श मॉडल स्कूल में बैंक ऑफ बड़ौदा की सिडकुल शाखा के सौजन्य से एक वाटर कूलर विद्यार्थियों को स्वच्छ पानी पीने हेतु विद्यालय को दिया गया। जिसका उद्घघाटन बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्र कार्यालय रुद्रपुर के अधिकारी धीरज कुकरेजा व पूर्व पार्षद दिलीप अधिकारी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। श्री अधिकारी ने बैंक अधिकारी धीरज कुकरेजा सहित समस्त स्टॉफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय



में वाटर कूलर की स्थापना से छात्र छात्राओं को शुद्ध पेयजल मिल सकेगा। इससे बच्चों में रोग फैलने की संभावनाओं पर अंकुश लग सकेगा। उन्होंने विद्यालय प्रधानाचार्या सहित समस्त स्टॉफ व विद्यार्थियों से कहा कि वाटर कूलर की नियमित रूप से साफ सफाई की जाए तथा गंदा पानी नीचे एकत्रित न होने दें। इस मौके प्रधानाचार्या ने भी बैंक अधिकारियों को धन्यवाद दिया। इस मौके पर बैंक ऑफ बड़ौदा के सिडकुल ब्रांच मैनेजर दीपक सिंह चौहान, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमती अंजलि विश्वास, विजय अधिकारी, बाबू सिंह, केके विश्वास आदि मौजूद थे।

# व्यापार मंडल ने किया पुलिस टीम को सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र में हुई चोरियों का खुलासा किए जाने पर उद्योग व्यापार मंडल पदाधिकारियों द्वारा थानाध्यक्ष एवं उनकी टीम को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया



गया। अनाज मंडी में आयोजित सम्मान समारोह का संचालन करते हुए व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष राजकुमार भुड्डी ने बताया कि गत दिनों अनाज मंडी स्थित वारदाने की दुकान और दिनेशपुर रोड स्थित सीमेंट की दुकान से हुई चोरी का पुलिस ने अति शीघ्र खुलासा कर दिया जिस पर वह धन्यवाद की पात्र है। व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़ ने कहा कि पुलिस द्वारा व्यापारियों की दुकानों से आरोपियों सहित चोरी के सामान एवं नगदी बरामद करके खुलासा कर दिया जिसकी जितनी सराहना की जाए कम है उन्होंने व्यापारियों से भी आगामी समय में सावधान एवं जागरूक रहने का आह्वान किया। थानाध्यक्ष राजेश पांडे ने कहा कि व्यापारियों द्वारा उन्हें जो सम्मान दिया जा रहा है उसके वे तहे दिल से आभारी है उन्होंने कहा सीसीटीवी कैमरों के जरिए घटनाओं के खुलासे के लिए व्यापारियों का सहयोग अति आवश्यक है उन्होंने कहा सभी व्यापारी अपने अपने प्रतिष्ठान के आसपास कैमरे लगाकर पुलिस से सहयोग करें। प्रशासन द्वारा भी मुख्य मार्गों के विभिन्न स्थानों पर कैमरे लगाए गए हैं उन्होंने सभी व्यापारियों से सीसीटीवी कैमरा की समय-समय पर देखभाल एवं मरम्मत किए जाने के अपील की। इस मौके पर एसआई राजेंद्र कुमार,पूरन सिंह तोमर ,प्रकाश बिष्ट, बलवंत सिंह ,अनुज ,विक्रम के अलावा व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा, संजीव झाम, लीना झाम,, अशोक धीर, डॉ.अजय श्रीवास्तव, कृष्ण अनेजा, राजेश अग्रवाल, कृष्ण सुधा , अनिल गगनेजा ,राजू बजाज, रवि, विशाल ,निपुण गगनेजा, अनिल मदान आदि मौजूद थे।

# 15 अगस्त को 'हिटो बॉर्डर तिरंगा यात्रा' का होगा आयोजन : चुफाल

हलद्वानी(उदसंवाददाता)। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और डीडीहाट विधायक बिशन सिंह चुफाल आज हल्द्वानी पहुंचे। जहां उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को भाजपा 'हिटो बॉर्डर तिरंगा यात्रा' का आयोजन करने जा रही है। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व डीडीहाट विधायक बिशन सिंह चुफाल हल्द्वानी पहुंचे हैं। जहां उन्होंने भाजपा कार्यालय में भाजपा कर्यकर्ताओं से मुलाकात की। जिसके बाद उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को धारचूला से कानड़ी तक हिटो बॉर्डर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। बिशन सिंह चुफाल ने बाताया कि इस यात्रा का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर पर रहने वाले लोगों और उनके बीच में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों को सम्मानित किया जाना है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि 65 किलोमीटर की 'हिटो बॉर्डर तिरंगा यात्रा' 35 ग्राम पंचायत से होकर जाएगी। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व डीडीहाट विधायक बिशन




सिंह चुफाल ने बताया कि इस यात्रा में रिटायर मेजर कर्नल और प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल होंगे। इस दौरान देश की सुरक्षा में तैनात जवानों के परिवारों से मुलाकात करते हुए शहीदों को भी सम्मान दिया जाएगा। यात्रा का समापन झूला घाट के कानड़ी ग्राम पंचायत में होगा। विधायक बिशन सिंह चुफाल ने सभी बॉर्डर क्षेत्र के रहने वाले लोगों से इस 15 अगस्त पर अपने गांव पहुंचकर स्कूलों व सैनिकों के बीच स्वतंत्रता दिवस मनाने की अपील की है।

# कैंची धाम में ड्रेस कोड लागू,फोटो लेने पर भी बैन

नैनीताल। नैनीताल के विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम में ड्रेस कोड लागू कर दिया गया है। मंदिर समिति की ओर से अपील की गई है कि मंदिर में केवल मर्यादित वस्त्र पहनकर ही प्रवेश करें। अमर्यादित कपड़े पहनकर आने श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा मंदिर के अंदर फोटोग्राफी करने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। इसे लेकर मंदिर के अंदर साइन बोर्ड भी लगाए गए हैं। बता दें कि इससे पहले भी उत्तराखंड के कई मंदिरों में ड्रेस कोड लागू किया गया है। पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी की ओर से हरिद्वार के दक्षेश्वर महादेव मंदिर और ऋषिकेश के नीलकंठ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए ड्रेस कोड लागू किया गया था। कहा गया था कि हाफ पैंट, फटी जींस, मिनी स्कर्ट, नाइट सूट पहनकर आने वालों को मंदिर में प्रवेश नहीं मिलेगा। मर्यादित कपड़े पहनकर आने वालों को ही मंदिर में प्रवेश कर दर्शन करने की अनुमति होगी। वहीं, देहरादून के टपकेश्वर मंदिर में भी ड्रेस कोड लागू है।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

सितारगंज। अंजनिया रेलवे फाटक के पास एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद मोर्चरी में रखवा दिया है।घटना सोमवार सुबह सत्रहमील चौकी क्षेत्र के बरी अंजनिया रेलवे फाटक के पास की है। चौकी प्रभारी एसआई ललित बिष्ट ने बताया कि रेलवे के गेट नंबर 23सी पर किसी व्यक्ति के टनकपुर से पीलीभीत जा रही ट्रेन से कटने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।एसआई ललित बिष्ट बताया कि पटरी किनारे शव पड़ा हुआ था। ट्रेन की चपेट में आने से युवक के सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थी। स्थानीय लोगों से शव की शिनाख्त के प्रयास किए लेकिन पहचान नहीं हो पाई है।युवक की उम्र करीब 35 साल बताई जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के बाद मोर्चरी में रखवा दिया है। इसके साथ ही शिनाख्त के लिए आसपास के थानों में संपर्क किया जा रहा है।

# विद्युत चोरी में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विद्युत विभाग की टीम ने विद्युत चैकिंग अभियान के दौरान चार भवनों में विद्युत चोरी के मामले पकड़े और भवन स्वामियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया। जानकारी के अनुसार अन्शुल मदान उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड रुद्रपुर प्रथम साथी कर्मियों कुलदीप सिंह अवर अभियन्ता मटकोटा, विकास मिश्रा व महेन्द्र सिंह लाईन कर्मी, व शरद चौधरी पुलिस निरीक्षक सर्तकता इकाई कुमॉउ क्षेत्र हल्द्वानी के साथ क्षेत्र में चैकिंग कर रहे थे। इसी दौरान श्रीमती सीमा पत्नी रविन्द्र कुमार बजाज निवासी जगतपुरा, श्रीमती नीलम ठुकराल पत्नी स्व. धर्मेन्द्र ठुकराल निवासी जगतपुरा, शुबांगी पुत्र राजेन्द्र स्वरुप निवासी निकट पुलिस चौकी आवास विकास तथा विनोद कुमार पुत्र बोधी लाल, निवासी निकट पुलिस चौकी आवास विकास के भवनों में विद्युत चोरी करते पकड़ा गया। टीम ने मौके पर केबल कब्जे में ले ली। अन्शुल मदान उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड रुद्रपुर प्रथम की ओर से उपरोक्त सभी भवन स्वामियों के विरूद्ध विद्युत चोरी की रपट दर्ज करा दी गई है।

# भाजपा महिला मोर्चा ने बुनकरों के हितों की रक्षा का लिया संकल्प

गदरपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर उत्तराखंड की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल के निर्देशानुसार काशीपुर जिले की जिलाध्यक्ष उमा जोशी



की अध्यक्षता एवं मंडल अध्यक्ष ज्योतिराज के सहयोग से विधानसभा गदरपुर मंडल द्वारा 'राष्ट्रीय हथकरघा दिवस' पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं ने संकल्प लिया कि हम अपने परिवार पारंपरिक हथकरघा कपड़ों का उपयोग करेंगे और बुनकरों के आर्थिक हितों की रक्षा करेंगे। सभी को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ की सांकेतिक जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें पूनम ग्रोवर,कुलवीरी चौधरी, राजबाला चौहान,लक्ष्मी चौहान, मानसी शर्मा,जमुना ठाकुर,रिंकी हितकारी, स्वीटी चावला,मीरा देवी, संध्या शर्मा, ज्योति शर्मा, सीमा, रिंकी, अनीता शाह,रीना बजाज,रानी,रीना शर्मा, सुदेश परुथी,गीता अनेजा,रश्मि सहित अन्य महिलायें उपस्थित रहीं।

# दीपक बाली के भाजपा में शामिल होते ही काशीपुर के विकास को लगे पंख

## क्षेत्र की समस्याओं को लेकर लगातार सक्रियता से जमा रहे पैठ

काशीपुर(उद संवाददाता)। भगवान श्री राम के अयोध्या में बनने जा रहे भव्य और आलीशान मंदिर के निर्माण की तीसरी वर्षगांठ पर आयोजित श्री राम ध्वज यात्रा काशीपुर के लिए एक मिसाल बन गई।जब जब काशीपुर और क्षेत्र के लोग भगवान श्री राम के भव्य मंदिर के बारे में सोचा करेंगे अथवा मंदिर को देखेंगे तब तब उन्हें धर्म यात्रा महासंघ के बैनर तले युवा एवं वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक बाली के संयोजन में निकाली गई भव्य श्री राम ध्वज यात्रा भी याद आया करेगी।इस यात्रा को सफल बनाने की जिम्मेदारी लेकर दीपक बाली ने अपने साथियों के साथ मिलकर दिखा दिया कि भले ही वे राजनीति में नए हो मगर जनता के दिल में उन्होंने अपने प्रति अपने प्यार और सहयोग रूपी तपस्या के बल पर जो पकड़ बनाई है वह बेमिसाल है। अपने व्यवहार के चलते ही जीवन के जिस क्षेत्र में भी वें गए सफलता ने उनके कदम चूमे । राजनीति के क्षेत्र में गए तो वहां भी उन्होंने ऊंची ही छलांग लगाई और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा उन्हें पार्टी में शामिल कराए जाने पर काशीपुर का राष्ट्रीय फलक पर ऐसा सम्मान बढा जैसा सम्मान कभी पंडित नारायण दत्त तिवारी बढाया करते थे । जब भाजपा मैं गए तो वहां भी मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष दोनों ने मिलकर उन्हें पार्टी का पटका पहनाया ।क्षेत्र के नेताओं को इस बारे में नकारात्मक नहीं बल्कि सकारात्मक मंथन करना चाहिए। युवाओं की पहली पसंद बन चुके भाजपा नेता दीपक बाली की पहचान भले ही एक उद्यमी के रूप में रही हो लेकिन काशीपुर के विकास को लेकर वह शुरू से ही संजीदा रहे। रेलवे ओवर ब्रिज उनका सपना था जो आज पूरा होने के करीब है। फ्लाईओवर के निर्माण को लेकर दीपक बाली ने भी सरकार में एड़ी चोटी का जोर लगाया। आज जब दीपक बाली काशीपुर की जलभराव जैसी ज्वलंत समस्या को तमाम संघर्षों के बाद खात्मे के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया तो कुछ तथाकथित नेता उनके बारे में अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। फिलहाल दीपक वाली ने अनौपचारिक बातचीत में कहा कि काशीपुर को सपनों का काशीपुर बनाना जीवन का एकमात्र उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि फ्लाईओवर के बाद और भी तमाम ऐसी समस्याएं हैं जिसका समय रहते खत्म किया जाएगा।

# उत्तर प्रदेश के पांच शातिर चोर दबोचे, लाखों की ज्वैलरी बरामद

## ट्रान्सपोर्टनगर क्षेत्र में हुई सिलसिलेवार चोरी की घटनाओं का खुलासा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस एवं एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में हुई चोरी की अनेक घटनाओं का खुलासा करते हुए उत्तर प्रदेश निवासी पांच शातिर चोरों को चोरी किए लाखों के सामान सहित गिरफ्तार कर लिया मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी पंकज भट्ट ने बताया कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी में अहम योगदान देने वाले वाले कांस्टेबल नवीन राणा को सम्मानित किया। हरेन्द्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीमें गठित की गयी। टीमों द्वारा टीपीनगर क्षेत्र के सैकड़ों सीसीटीवी कैमरें खंगाल कर तथा मुखबिर एवं साक्ष्यों के आधार पर अथक प्रयासों द्वारा घटना में संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का माल बरामद करने में सफलता पायी है। एसएसपी ने बताया कि शहर के टीपीनगर क्षेत्र में विगत महिनों में घटित विभिन्न चोरी व नकबजनी की घटनाओं में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी एवं





चुराई गयी सम्पत्ति की शत प्रतिशत बरामदगी के लिए थाना स्तर पर प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा घटनास्थलों के आस पास के क्षेत्रों में सुरागरसी – पतारसी की गयी साथ ही घटनाओं से जुड़े साक्ष्यों एवं विभिन्न पहलुओं के आधार पर स्थानीय सीसीटीवी कैमरों की बारीकी से जांच की गयी तथा मुखबिर लगाकर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु एक कुशल कार्ययोजना तैयार की गयी जिसके आधार पर मुखबिर से प्राप्त इन्पुट पर ग्लैक्सीफार्म के सामने हरिपुर जमन सिंह गांव की ओर जंगल में टांडा रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले रास्ते पर 5 संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर चौक किया गया तो उनके कब्जे से घटना में चुराई गयी लाखों की सम्पत्ति बरामद की गयी। उन्होंने बताया कि 31 जनवरी को हुई चोरी से संबंधित बरामद माल में एक हार, एक मांग टीका, दो अंगूठी, एक नथ, एक जोडी कान के रिंग पीली धातु, 29 मार्च को हुई चोरी से संबंधित माल में एक गले का हार, एक जोड़ी कान के रिंग, दो जोड़ी पायल, चार बिच्छुवे, एक जोड़ी कड़े हाथ के, एक जोड़ी झुनझुना, एक करघनी, एक जुलाई को हुई चोरी से संबंधित माल में दो कंगन, चार अगस्त को हुई चोरी से संबंधित माल में एक घड़ी, एक कैमरा मय लैन्ससैट, एक मंगलसूत्र, दो नोजरिंग, दो नोजपिन शामिल हैं । गिरफ्तार किए गए शातिर चोरों ने पूछताछ में अपना नाम पता नसीम उर्फ पाण्डे पुत्र कयूम निवासी ग्राम अकरौली निकट पुरानी मस्जिद थाना बनियाढेर जिला सम्भल उप्र, राजवीर उर्फ नन्हे पुत्र सुरेश कुमार कश्यप निवासी ग्राम बेरीखेडा थाना बनियाढेर जिला सम्भल उप्र, शम्भू दयाल उर्फ शिव दयाल पुत्र नत्थू निवासी ग्राम बेरीखेडा थाना बनियाढेर जिला सम्भल उप्र, ऋषिपाल उर्फ ऋषिया पुत्र मुलायम निवासी ग्राम अमरावती कुतुबपुर थाना केलादेवी जिला सम्भल उप्र तथा मनीष उर्फ बब्लू पुत्र हरिहारी निवासी ग्राम त्रिकुनिया थाना भमौरा जिला बरेली उप्र बताया। एसएसपी ने बताया कि अभियुक्तगणों द्वारा अन्य थाना क्षेत्रों में भी चोरी की गयी है व उनके द्वारा चोरी सें संबंधित माल को मेवा राम पुत्र मूल चन्द्र निवासी डबलफाटक मौहल्ला नेता कालोनी थाना मजोला मुरादाबाद उप्र को बेचा गया है जिसकी गिरफ्तारी शेष है जो पूर्व में बंगलौर से चोरी के मामले में जेल जा चुका है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त शम्भू दयाल पूर्व में थाना रामनगर में चोरी व गैंगस्टर एक्ट व थाना बनियाठेर सम्भल से एनडीपीएस में जेल जा चुका है। वहीं अभियुक्त नसीम के विरुद्ध अजमेर, बंगलौर, जबलपुर मे चोरी के मुकदमे दर्ज हैं।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में हरेन्द्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, वउनि विजय मेहता, उनि पंकज जोशी प्रभारी चौकी टीपीनगर, उनि जगदीप नेगी प्रभारी चौकी मंगलपडाव, उनि दिनेश चन्द्र जोशी प्रभारी चौकी राजपुरा, हेकानि. हेमन्त चन्याल कोतवाली, दिगम्बर सनवाल कोतवाली, कानि. बन्सीधर जोशी, नवीन राणा, तारा सिंह एसओजी टीम के राजवीर सिंह नेगी प्रभारी, हेकानि. कुन्दन कठायत, त्रिलोक रौतेला, कानि. दिनेश नगरकोटी व अशोक रावत शामिल थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम के उत्साहवर्धन के लिए पांच हजार रुपए पारितोषित देने की घोषणा की गयी।

# कराटे प्रतियोगिता में शिवा मार्शल अकादमी चकरपुर की टीम अव्वल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।गत 6 अगस्त को सिकाई कराटे एसोसिएशन उधम सिंह नगर के तत्वावधान में बजाज कॉलेज ऑफ मेनेजमेंट एव टेक्नोलॉजी चीनी मिल रोड गदरपुर में द्वितीय सिकाई जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमे नानकमता, खटीमा, सितारगंज, रुद्रपुर, गदरपुर, काशीपुर, बाजपुर , जसपुर क्षेत्र के खिलाड़ियों ने भाग लिया । प्रतियोगिता का शुभारंभ बजाज कॉलेज ऑफ मेनेजमेंट एव टेक्नोलॉजी के मैनेजिंग डायरेक्टर पवन बजाज , अनमोल बजाज ,कुमाऊँ यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ नागेन्द्र प्रसाद शर्मा द्वारा सरस्वती मां चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं कोचों से परिचय प्राप्त कर किया । सिकाई उधम सिंह नगर के चेयरमैन रजनीश गोयल, अध्यक्ष मुदित अग्रवाल, महासचिव सेन्सइ शांति चौधरी आनंद,कोषाध्यक्ष सेन्सइ कृष्ण कुमार एवं सिकाई उत्तराखण्ड के महासचिव सेन्सइ मिंटू कुमार सैनी ने सभी अतिथियों का बैच लगाकर एवं सरोपा पहनाकर स्वागत किया।रुद्र मानव शिक्षा कल्याण समिति



के होनहार बच्चों के द्वारा डांस की प्रस्तुति देकर सभी अतिथियों का मन मोह लिया। सभी खिलाडियों का विभिन्न आयु वर्ग भार वर्ग मैं मैच हुए, जिसमें खिलाड़ियों ने अपने वर्ग में स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक जीते। समापन समारोह में पहुंचे अतिथि द्रोण कॉलेज ऑफ नर्सिंग के मैनेजिंग डायरेक्टर विजय भूषण गर्ग, सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल डायरेक्टर महेश मित्तल, रेणुका पब्लिक स्कूल प्रबंधक समीर उपाध्याय द्वारा सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सेन्सइ कृष्ण कुमार द्वारा टीम ट्रॉफी की घोषणा की गई। जिसमें शिवा मार्शल अकादमी चकरपुर खटीमा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय ट्रॉफी दशमेश स्पोर्ट्स अकादमी रुद्रपुर की टीम विजेता रही। तृतीय ट्रॉफी पर नटराज मार्शल आर्ट एवं डांस योगा अकादमी ने अपना कब्जा जमाया। अतिथियों के द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया सभी कोच को बधाई दी। सभी कोच को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।






# एनकेएफआई नेशनल कराटे टीम हुई रवाना

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।11 से 12 अगस्त तक हैदराबाद में आयोजित होने जा रही एनकेएफआई फोर्थ नेशनल कराटे चैम्पियनशिप 2023 में प्रतिभाग करने के लिए उत्तराखंड राज्य की कराटे टीम रुद्रपुर से मंगलवार को रवाना हुई। अमेच्योर कराटे एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष शंकर सिंह बसेर ने ऑनलाइन वीडियो कॉल कर टीम को शुभकामनाएं देकर रवाना किया। इस अवसर पर अध्यक्ष शंकर सिंह बसेरा ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनपद के खिलाड़ी हमेशा अपने शानदार खेल से जिले, राज्य एवं राष्ट्रीय का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। और उन्होंने कहा अमेच्योर कराटे एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के महासचिव व मुख्य प्रशिक्षक सिहान किशोर सिंह के नेतृत्व में जा रही टीम सर्वाधिक पदक प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन करेंगी। महासचिव किशोर सिंह ने बताया कि एकेएफआई नेशनल कराटे फेडरेशन के तत्वावाधान में 11 से 12 अगस्त 2023 तक श्री विजय कोटला भास्कर रेड्डी स्टेडियम, युसुफगुदा, हैदराबाद में चतुर्थ एनकेएफआई नेशनल कराटे प्रतियोगिता अयोजित की जा रही है। जिसमें भारत देश के 22 राज्यों के लगभग 1500 से अधिक खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। और उन्होंने आगे बताया कि इस प्रतियोगिता में जनपद उधम सिंह नगर के 19 खिलाड़ी विभिन्न आयु वर्गों के स्पर्धाओं में अपना जौहर दिखाएंगे। जिसमें 9 बालिकाएं एवं 10 बालक शामिल हैं। टीम कोच की भूमिका में सेंसेई ऋषि पाल भारती एवं टीम मैनेजर प्रभात डांगी होंगे। इस अवसर पर सहायक खेल निदेशक उत्तराखंड सुरेश चंद्र पांडे, विजेंद्र चौधरी, जॉनी हिराम तिग्गा, शोभा तिग्गा, हिमा भट्ट, सुखदेव सिंह, कंचन बसेरा राजीव राणा, विजय गिरधर, सतनाम चावला, ऐजे बटसर, साधना बटसर, रघु रावत, अभिषेक राजपूत, नरेंद्र सिंह, वसीम खान, शेखर सक्सेना, अपूर्व मनोहर सिंह, जगविंदर सिंह, अजय शर्मा, शालिनी शर्मा, कमल सिंह, जय प्रकाश, विक्रम सिंह सहित अनेकों अभिभावक गण एवं खेल प्रेमी लोगों ने बधाई दी।








# 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने कलेक्ट्रेट सभागार में 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होने कहा कि 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम जनपद में 9 अगस्त से प्रारम्भ होगा। उन्होंने कहा कि मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम में वसुधा वंदन, शिलाफलकम (स्मारक) समेत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में जनपद के हर ग्राम पंचायत में वसुधा वंदन कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया जायेगा, जिस हेतु वन व उद्यान विभाग पर्याप्त पौधों की व्यवस्था करेंगे। कार्यक्रम के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में 75 पौधें लगाकर धरती का श्रृंगार किया जायेगा व अमृत वाटिका की स्थापना की जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने शिलाफलकम (स्मारक) कार्यक्रम को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य उन सभी वीरों के प्रति हार्दिक भाव व्यक्त करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने बताया अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर के किनारे अथवा अन्य जलध



ारा,पंचायत कार्यालय, स्कूल व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर बलिदानियों के नाम पर स्मारक पट्टिका स्थापित की जायेगी, साथ ही हाथ में मिट्टी/दीया लेकर राष्ट्र निर्माण के लिये प्रतिबद्ध होने का वादा करते हुये पंच प्रण प्रतिज्ञा लेते हुये निर्धारित वेबसाईड पर सैल्फी अपलोड की जायेगी। उन्होंने कहा कि इसी तरह नगर निगम,नगर पालिका व नगर पंचायतों में भी कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। उन्होने नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायत के अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्र में स्थान चिन्हित कर सभी तैयारियां पूरी कर लें। उन्होने बताया कि 9 अगस्त से 15 अगस्त, 2023 तक कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी ग्राम पंचायतों में एक ही साथ कार्यक्रम आयोजित कर सैल्फी/फोटोग्राफ एकत्रित कराते हुये निर्धारित वेबसाईड पर अपलोड करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत से विकास खण्ड और विकास खण्ड से नई दिल्ली कर्तव्य पथ तक मिट्टी यात्रा निकाली जायेगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन में वन, उद्यान, शिक्षा, युवा कल्याण, पंचायत राज, सैनिक कल्याण, ग्राम्य विकास, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए सभी अधिकारी अपने ग्राम व ब्लॉक स्तरीय कर्मचारी व अधिकारियों को सक्रीय करते हुए कार्यक्रम में सहभागी बनायें। बैठक में काशीपुर के विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, ब्लाक प्रमुख ममता जल्होत्रा, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, पीडी हिमांशु जोशी, जिला पंचायतराज अधिकारी आरसी त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

# मीना ने वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं से की भेंट

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में सम्मिलित होने देहरादून पहुंची जहाँ उन्होंने कांग्रेस प्रभारी देवेंद्र यादव, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण महरा, सी एल पी लीडर यशपाल आर्य, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह और प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष



ज्योति रौतेला से मुलाकात की और कार्यसमिति की बैठक में अपने विचार रखें।इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष ममता हालदार, महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष अलका पाल, पी सी सी सदस्य परिमल राय और महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली आदि उपस्थित थे।

# धन की अपेक्षा धर्म श्रेष्ठ: पंडित विजय कुमार

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा





के सप्तम दिवस की कथा करते हुए कथा वाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि धन की अपेक्षा धर्म श्रेष्ठ है, धन इस लोक में कुछ सुख देता है और कभी कभी दुख भी देता है, किंतु धर्म तो जीवन और परलोक दोनों को उजागर करता है, धर्म मृत्यु के बाद भी साथ साथ आता है। एवं आज के प्रसाद की सेवा श्री जय भवानी जागरण मंडल के अध्यक्ष एवं श्री सनातन धर्म सभा के मंच संचालक सोमनाथ छाबड़ा के परिवार द्वारा पोते के जन्मदिन की खुशी में एवं कृष्णलाल चुघ व श्याम चुघ द्वारा अपने पिता स्वर्गीय मंगतराम चुघ की पुण्यस्मृति में दी गयी। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# सिख धर्म के प्रचार प्रसार की परीक्षा 9 सितंबर को

गदरपुर(उद संवाददाता)। सिख धर्म की शिक्षाओं के प्रचार प्रसार एवं जन-जन तक संदेश पहुंच जाने के उद्देश्य से मीरी पीरी खालसा अकैडमी रतनपुरा/नवाबगंज में क्षेत्र के ग्रंथी एवं प्रचारकों की तीसरी वार्षिक धार्मिक परीक्षा 9 सितंबर को किया जाना प्रस्तावित है । बैठक में जानकारी देते हुए गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद सर नवाबगंज के प्रमुख सेवादार वीर अनूप सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मीरी पीरी खालसा अकैडमी में आगामी 9 सितंबर को एक धार्मिक परीक्षा होगी जिसमें क्षेत्र के ग्रंथी पाठी,रागी,प्रचारक शामिल होगे धार्मिक परीक्षा निशुल्क होगी तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने के अलावा अन्य सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा । इस मौके पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी,धर्म प्रचार कमेटी सिंह कविशर जगदेव सिंह प्रचारक यू पी सिख मिशन हापुड,राजेंद्र सिंह गदरपुर, रणधीर सिंह बाजपुर, अमरिंदर सिंह



श्री अमृतसर के उत्तराखंड मिशन के प्रचारक हरजिंदर सिंह, गु. श्री नानकमत्ता साहिब के डायरेक्टर प्रितपाल सिंह,सतनाम पसियापुर,भाई चंचल सिंह रुद्रपुर दलविंदर सिंह, अमनदीप सिंह अलखदेवा, ज्ञान सिंह,ध्यान सिंह बिलासपुर आदि थे ।

# साइबर ठगों ने ब्लैकमेल कर 28 लाख रुपए हड़पे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। साईबर फ्राड का नया मामला संज्ञान में आया है। पुलिस महानिरीक्षक कुमायूँ परिक्षेत्र डॉ. नीलेश आनन्द भरणें द्वारा गठित परिक्षेत्रीय साईबर सैल में भाष्कर सिंह निवासी हल्द्वानी द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमें उनके द्वारा अवगत कराया कि उनके फोन पर एक जीतो स्टार इंण्डिया करके लिंक आया था। जिस पर उसके द्वारा 5 लाख रुपए दोगुना के चक्कर में डाल दिये। जब उसे पता चला कि उसके साथ धोखाधडी हो गयी तो उसने पैसे देना बन्द कर दिया। किन्तु उपरोक्त जीतो स्टार कम्पनी के द्वारा उसका मोबाईल क्लोन कर उसकी व्यक्तिगत जानकारी ले ली व उसका फोटो एडिट कर फोटो उसके रिश्तेदारों के मोबाईल नम्बर पर भेजने लगा व उसको ब्लैकमेल करते रहे। भास्कर का कहना है लोक लज्जा के भय से लगातार पैसे भेजने शुरु कर दिये। जिसके लिए वह अपनी जमीन, सोना बेचकर, कर्ज लेकर मार्च 2023 से अब तक कुल 28 लाख रुपये दे चुका है। अब वह मानसिक रुप से पीडित हो गया। भास्कर को उसका पैसा वापस दिलाने के लिए पुलिस महानिरीक्षक कुमायूँ परिक्षेत्र द्वारा साईबर टीम को निर्देशित किया। आईजी ने आम जनता से यह अपील की कि किसी अन्जान लिंक पर क्लिक न करें, व्हाटसप पर आने वाली अन्जान वीडियो कॉल पर बात न करें, इस प्रकार की कोई घटना घटित होने पर तत्काल साईबर हैल्प लाईन नम्बर 1930 पर कॉल करें, पुलिस को सूचित करने में संकोच न करें अपनी शिकायत पुलिस से जरुर करें। कुमायूँ परिक्षेत्र के मोबाईल नम्बर 8077713006 पर भी सूचित कर सकते है।

# महिला मोर्चा ने थानाध्यक्ष व महिला उपनिरीक्षक को किया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। थाने में तैनात महिला उप निरीक्षक कुसुम रावत के कार्यकाल के सफलतापूर्वक 1 साल पूर्ण होने पर एवं थानाध्यक्ष राजेश पांडे के 1 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष



उमा जोशी एवं मंडल अध्यक्ष ज्योति राज के नेतृत्व में थाने पहुंचकर उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर रिंकी हितकारी, रिंकी,अनीता शाह,राजबाला चौहान,ज्योति शर्मा,मानसी शर्मा, एवं अन्य लोगों ने मिष्ठान वितरण कर शुभकामनाएं प्रदान की ।

# बैडमिंटन में आरएएन के गर्व साहनी ने जीता गोल्ड मेडल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जनपद बागेश्वर आयोजित 21वीं राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में रुद्रपुर आर ए एन भूरारानी के विद्यार्थी गर्व साहनी ने अंडर 19 बालक युगल वर्ग में अभिनव कंडारी के साथ तथा मिश्रित युगल अंडर-19 में




एंजेल पुनेरा पिथौरागढ़ के साथ स्वर्ण पदक प्राप्त किया। गर्व साहनी के पिता ओमेक्स निवासी जितेंद्र साहनी ने बताया कि गर्व विगत 3 वर्षों से गोपीचंद राष्ट्रीय अकैडमी हैदराबाद में अभ्यासरत है जिसके द्वारा पूर्व में भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त किए हैं व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश की ओर से प्रतिभाग किया गया है।


## उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# भवन विध्वंस पर रोक

लोग बड़ी मशक्कत और हसरत से भवन बनाते हैं और उन घरों में पूरे परिवार का सपना पलता है, उन्हें बुलडोजर चला कर बेघर कर देना किसी कल्याणकारी सरकार का कदम नहीं माना जा सकता। हरियाणा के नूंह में ब्रजमंडल धार्मिक यात्रा पर हुई पत्थरबाजी के बाद प्रशासन ने वहां अवैध निर्माणों और सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को हटाना शुरू कर दिया था। बताया जा रहा था कि इन्हीं इमारतों से पत्थर बरसाए गए थे। अब पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने स्वत: संज्ञान लेते हुए वहां इमारतों को बुलडोजर से ढहाने पर रोक लगा दी है। प्रशासन का दावा है कि अब तक सैंतीस जगहों पर साढ़े सत्तावन एकड़ जमीन से अवैध निर्माण हटा दिए गए हैं। नूंह में अब तक एक सौ बासठ स्थायी और पांच सौ इक्यानबे अस्थायी निर्माण गिराए जा चुके हैं। प्रशासन अब भी अपने फैसले पर अडिग है कि मेवात इलाके में सारे अवैध निर्माणों की पहचान की जा रही है और उन्हें गिराया जाएगा। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों से दंगा फैलाने वालों, दूसरे तरह के अपराधों में शामिल लोगों को दंडित करने का यह चलन चल पड़ा है कि उनके मकान-दुकान पर बुलडोजर चला कर ध्वस्त कर दिया जाता है। यह चलन सबसे पहले उत्तर प्रदेश सरकार ने शुरू किया था। उसकी नकल में मध्यप्रदेश सरकार ने भी आपराधिक तत्त्वों पर नकेल कसने का यह तरीका अपना लिया। अब हरियाणा सरकार भी उसी रास्ते पर चल चुकी है। सरकारी जमीन पर कब्जा करके किसी भी प्रकार के निर्माण को जायज नहीं ठहराया जा सकता। उसे कानूनन ध्वस्त करने का सरकार के पास अधिकार है। मगर इस तरह बुलडोजर चलाने को लेकर सवाल इसलिए उठने लगे हैं कि प्रशासन को किसी अवैध निर्माण के बारे में तभी जानकारी क्यों मिलती है, जब वहां दंगा भड़क उठता है या कोई बड़ा अपराध हो जाता है। हालांकि दूसरी सरकारों की तरह हरियाणा सरकार का भी कहना है कि जिन लोगों ने नूंह में अवैध कब्जा करके निर्माण कार्य किए थे, उन्हें पहले ही नोटिस भेजा जा चुका था। मगर फिर भी यह तर्क गले नहीं उतरता कि उन्हें ढहाने के लिए बुलडोजर तभी क्यों चले, जब धार्मिक यात्रा पर पत्थर बरसे और हरियाणा के अलग-अलग शहरों में सांप्रदायिक तनाव बढ़ गया। आखिर इतने बड़े भूखंड पर इतने सारे अवैध निर्माण रातोंरात तो हो नहीं गए होंगे। ऐसा भी नहीं माना जा सकता कि इससे पहले वे निर्माण प्रशासन की नजर में नहीं रहे होंगे। यह भी छिपी बात नहीं है कि सरकारी भूखंडों पर ज्यादातर कब्जे सरकारी अमले की मिलीभगत से होते हैं। ऐसे में अगर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने अभी चल रहे विध्वंस पर रोक लगाई है, तो उसके सवालों का जवाब देना प्रशासन के लिए आसान नहीं होगा। अवैध निर्माण गिराने के ऐसे अभियानों में कई शिकायतें ऐसी आईं, जिनमें उन भवनों पर भी बुलडोजर चला दिया गया, जिनमें किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण नहीं हुआ था। मध्यप्रदेश में तो एक शिकायतकर्ता ने कहा कि उसे मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिला था। इसलिए भी सरकारों की बुलडोजर प्रथा पर सवाल उठते आ रहे हैं। ऐसे दंगों में किसी पर अपराध सिद्ध होने से पहले ही सरकारें अगर उनके मकान ध्वस्त कर देती है, तो इसे न्याय नहीं कहा जा सकता। लोग बड़ी मशक्कत और हसरत से घर बनाते हैं, उन घरों में पूरे परिवार का सपना पलता है, उन्हें बुलडोजर चला कर बेघर कर देना किसी कल्याणकारी सरकार का कदम नहीं माना जा सकता। अवैध निर्माण हटाने के भी नियम-कायदे हैं, उनका पालन होना ही चाहिए। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की रोक सरकार के लिए एक सबक है।

# सुस्त लाइफस्टाइल और गलत खानपान की आदतों से बढ़ रही है ज्वाइंट पेन की समस्या

जोड़ों का दर्द इतना परेशान करने वाला होता है कि इंसान का चलना फिरना यहां तक कि सोना भी दूभर हो जाता है। जोड़ों में दर्द एक आम समस्या है जो एक या दोनों जोड़ों को प्रभावित कर सकती है। यह दर्द तेज, कम, जलनशील या कम-ज्यादा हो सकता है।




जोड़ों का दर्द और मांसपेशियों में दर्द ऐसी समस्याएं हैं जिन्हें अक्सर बुढ़ापे के साथ जोड़ कर देखा जाता है। उम्र बढ़ने के साथ, शरीर में कई तरह के बदलाव होते हैं जो गठिया और जोड़ों में दर्द जैसी बीमारियों का कारण बनते हैं। 40 वर्ष की उम्र के बाद अधिकांश व्यक्ति जोड़ों के दर्द से पीड़ित हो सकते हैं। सही उपचार विधियों की सहायता से जोड़ों के दर्द को रोका और ठीक किया जा सकता है। योग जोड़ों के दर्द को कम करने में बेहतर होता है। चाहे आप गठिया या सिर्फ उम्र बढ़ने के साथ होने वाले दर्द से जूझ रहे हों, योग दर्द को कम करने में मदद करता है। योग को करने से शरीर में लचीलापन, ताकत लंबे समय तक बनी रहती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जकड़न को कम करने और जोड़ों के दर्द को कम करने में भी योग काफी लाभदायक हो सकता है। चाहे आप गठिया, फाइब्रोमायल्गिया, या सिर्फ उम्र बढ़ने के साथ होने वाले दर्द और दर्द से जूझ रहे हों, योग आपके लक्षणों को कम करने और आपके शरीर में होने वाली समस्या में सुधार करने में मदद कर सकता है। इस लेख में, हम योग और जोड़ों के दर्द के पीछे के विज्ञान और विभिन्न प्रकार के योगों के बारे में जानेंगे जो जोड़ों के दर्द से जूझ रहे लोगों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद हो सकते हैं। 'सुस्त लाइफस्टाइल और गलत खानपान की आदतों की वजह से ज्वाइंट पेन यानी जोड़ों में दर्द की समस्या बढ़ती जा रही है। लोग इस दर्द से छुटकारा पाने के लिए पेन किलर्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इन दवाओं के साइड इफेक्ट्स होते हैं और इनका असर भी कुछ समय के लिए ही होता है। घुटनों, कमर, कंधे और पीठ दर्द से स्थाई रूप से राहत पाना चाहते हैं तो सिर्फ योग ही इसका जरिया है'। दर्द से राहत के अलावा, योग शरीर को टोन करता है और मन को भी शांत करता है। 'आइए जोड़ों के दर्द के लिए कुछ आसान और प्रभावी आसन ; लवहं वित रवपदज चंपदद्ध के बारे में जानते हैं'' जोड़ों में दर्द से राहत के लिए करें ये योगासन। **वीरभद्रासन**-वीरभद्रासन यानी वॉरियर पोज घुटने को मजबूत बनाता है और कंध ों के दर्द, फ्रोजेन शोल्डर जैसे समस्याओं में भी राहत पहुंचाता है। कंधों के स्ट्रेस को दूर करने और शरीर में संतुलन लाने में भी ये मददगार होता है। **धनुरासन**-धनुरासन यानी बो पोज कंधों को खोलता है और ज्वाइंट पेन में राहत देता है। धनुरासन करने से शरीर की स्ट्रेचेबिलिटी भी बढ़ती है और शरीर को स्ट्रेस और थकान से छुटकारा पाने में आसानी होती है। धनुरासन आपको अधिक शक्तिशाली यौन अनुभव पाने में मदद कर सकता है। **सेतु बंधासन**-ब्रिज पोज घुटने के जोड़ों की मांसपेशियों को मजबूत करने में मददगार होता और ऑस्टियोपोरोसिस से पीड़ित लोगों के लिए भी ये बेहद फायदेमंद होता है। यह आपके दिमाग को भी शांत करता है और शरीर में चिंता और तनाव को कम करने में मदद कर सकता है। **त्रिकोणासन**- त्रिकोणासन यानी ट्रायंगल पोज से घुटनों, पैरों और टखनों को मजबूती मिलती है। यह हैमस्ट्रिंग, कमर और कूल्हों को स्ट्रेच करने में मदद करता है। साइटिका के रोगियों के लिए भी ये बेहतरीन पोज है, साथ ही पीठ दर्द में भी ये आराम पहुंचाता है। **उष्ट्रासन**-उष्ट्रासन यानी कि कैमल पोज आपके बैक बोन को अधिक फ्लेक्सिबल बनाता है और कंध े के दर्द में भी आराम पहुंचाता है. पीठ के निचले हिस्से के दर्द और पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द और एंग्जाइटी में भी ये राहत देता है. साथ ही पीठ के निचले हिस्से के दर्द में राहत के लिए ये बेहतरीन पोज हैं। **डॉल्फिन प्लैंक पोज**- डॉल्फिन प्लैंक पोज हैमस्ट्रिंग और कंधे को स्ट्रेच करता है। यह शरीर को थकान और पीठ दर्द से राहत देकर कलाई, हाथ और पैर को भी मजबूत करता है। ये पोज ऑस्टियोपोरोसिस को रोकने में भी काफी मदद कर सकता है। जोड़ों का दर्द और मांसपेशियों में दर्द ऐसी समस्याएं हैं जिन्हें अक्सर बुढ़ापे के साथ जोड़ कर देखा जाता है।' अंतत: निष्कर्ष निकलता है कि' यदि नियमित इन सभी योगासनों का अभ्यास प्रतिदिन किया जाए तो जोड़ों के दर्द से राहत मिल सकती हैं और शरीर पूरी तरह स्वस्थ रह सकता है।

**अलका सिंह, योग विशेषज्ञ**


# चलती बुलेट में आग लगने से मचा हड़कंप, कूदकर बचाई जान

पौड़ी पौड़ी में चलती बुलेट में आग लगने से हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने शोर मचाकर चालाक को बताया की बाइक में आग लग गई है। जिसके बाद बाइक सवार आनन फानन में मोटर साइकिल से उतरकर भागा। घटना पौड़ी जनपद के लोअर बाजार की है। बाइक पर अचानक आग लगने से बाजार में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। घटना से लोग दहशत में आ गए। बाजार में कुछ व्यापारियों ने धमाके की आशंका को देखते हुए अपनी दुकाने बंद कर दी। इस दौरान एक दुकानदार ने मोटर साइकिल पर पानी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की। आग की लपटें इतना विकराल रूप ले चुकी थी की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि तब तक बाइक काफी बुरी तरह से जल चुकी थी। आग लगने की सूचना लोगों ने पुलिस को दी। गनीमत रही कि बुलेट की पेट्रोल की टंकी नहीं फटी नहीं तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था।



# पांच दिन बाद भी गौरीकुंड से लापता बीस लोगों की तलाश जारी

रुद्रप्रयाग। गौरीकुंड हादसे में अभी भी कई लोग लापता है। इनकी तलाश में सर्च ऑपरेशन भी जारी है। गौरीकुंड में लापता हुए लोगों की खोजबीन के लिए पांचवें दिन भी रेस्क्यू अभियान जारी है। हल्की बारिश के बावजूद रेस्क्यू टीमें घटनास्थल के साथ ही मंदाकिनी नदी में अभियान चला रही हैं। गौरीकुंड हादसे में अभी भी करीब 20 लोग लापता है।गौरीकुंड राजमार्ग पर गौरीकुंड डाटपुल के पास तीन जुलाई की रात्रि लगभग 11.30 बजे बारिश के बीच हुए भारी भूस्खलन से तीन दुकानें बह गई थी। इस हादसे में 23 लोग लापता हुए थे, जिसमें से तीन शव बरामद हो चुके हैं। बाकी 20 लोगों का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। रूद्रप्रयाग में बारिश भी हो रही है। जनपद की केदार घाटी में रात्रि से हल्की बारिश जारी है। जिले में कुल 26 मोटर मार्ग अवरुद्ध चल रहे हैं। गौरीकुंड हाईवे नारायणकोटी से आगे अवरूद्ध चल रहा है। परिवार वालों को अपनों के मिलने की उम्मीद है। मंदाकिनी नदी इन दिनों उफान पर है। इसी बीच बारिश के चलते थोड़ी परेशानी भी हो सकती है। अब तक लापता लोगों में आशु 23 जलईप्रियांशु चमोला पुत्र कमलेश चमोला 18 साल तिलवाड़ा रणबीर सिंह 28 साल बस्टीअनिता बोहरा पत्नी अमर बोहरा 26 साल नेपालराधिका बोहरा पुत्री अमर बोहरा 14 नेपालपिंकी बोहरा पुत्री अमर बोहरा 8 नेपालपृथ्वी बोहरा पुत्र अमर बोहरा 7 नेपालजटिल पुत्र अमर बोहरा 6 नेपालवकील पुत्र अमर बोहरा 3 नेपालविनोद पुत्र बदन सिंह 26 खानवा भरतपुरमुलायम पुत्र जसवंत सिंह 25 नगला बंजारा सहनपुरसुगाराम पुत्र जोरा सिंह – 45 वर्ष नेपालबम बोहरा पुत्र सतर सिंह बोहरा 31 वर्ष नेपालचंद्र कामी पुत्र लोउडे कामी 26 वर्ष पेरिया नेपालधर्मराज पुत्र मुन बहादुर 56 वर्ष जुमला नेपालनीर बहादुर पुत्र हरि बहादुर रावल 58 वर्ष नेपालसुमित्रा देवी पत्नी नीर बहादुर 52 वर्ष नेपालकुमारी निशा पुत्री नीर बहादुर 20 वर्ष नेपालरोहित बिष्ट पुत्र लक्ष्मन सिंह उतस्यू चोपड़ाअमर बोहरा पुत्र मान बहादुर बोहरा नेपाल शामिल है।





## सर्च अभियान में ड्रोन व खोजी श्वान दस्ते की भी ली जा रही मदद

रूद्रप्रयाग। गौरीकुण्ड डाट पुलिया के समीप हुए भूस्खलन के उपरान्त लापता हुए लोगों की खोजबीन हेतु घटना की तिथि से निरन्तर युद्धस्तर पर सर्च अभियान चलाया जा रहा है। जिला पुलिस, जिला आपदा प्रबन्धन विभाग, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, डीडीआरएफ, जल पुलिस, फायर सर्विस के द्वारा घटनास्थल सहित जनपद के हरेक क्षेत्र में मन्दाकिनी नदी के किनारे, संगम से लेकर अलकनन्दा नदी के किनारे व नदी के अन्दर विभिन्न स्थानों पर बनें भंवरों में ढूंढखोज की जा रही है। कुछेक स्थान जहॉं पर पहुंचना सम्भव नहीं, ऐसे स्थानों पर ड्रोन की मदद से तलाश की जा रही है। घटनास्थल पर मिली सामग्री, कपड़ों व अन्य अवशेषों के आधार पर खोजी श्वान (ट्रैकर डॉग) दस्ते की सहायता से भी निरन्तर सर्च अभियान जारी है। सभी टीमों के सदस्यों द्वारा आपसी समन्वय के साथ इस अभियान में अपना योगदान दिया जा रहा है।

# बद्रीनाथ हाईवे पर भूस्खलन से ढहा सड़क का आधा हिस्सा

ऋषिकेश। प्रदेश में भारी बारिश का कहर जारी है। लगातार हो रही बारिश के कारण ऋषिकेश-बद्रीनाथ हाईवे पर तोता घाटी में भारी भूस्खलन हुआ है। जिस कारण यहां पर सड़क का आधा हिस्सा ढह गया है।बारिश प्रदेश में आफत बनकर बरस रही है। लगातार हो रही बारिश के कारण ऋषिकेश- बद्रीनाथ हाईवे पर तोता घाटी में भूस्खलन होने से सड़क का आधा हिस्सा ढह गया है। जिस कारण यहां पर यातायात बाधित हो गया है। मिली जानकारी के मुताबिक सड़क पर केवल पांच मीटर की जगह बची है।भारी बारिश के चलते बद्रीनाथ हाईवे कई जगहों पर बोल्डर आने के कारण बाधित हो गया है। जिस कारण कई स्थानों पर रूट डायवर्ट किया गया है। अटाली में मलबा आने के बाद बद्रीनाथ हाईवे पर चलने वाले यातायात को देवप्रयाग से चाका गजा और मलेथा से नरेंद्र नगर डायवर्ट कर ऋषिकेश को भेजा जा रहा है। लगातार हो रहे भूस्खलन के कारण सड़कें बंद हो रही हैं। जिस कारण लोगों को दिक्तों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के साथ ही पर्यटकों और यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। हाईवे को खोलने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। लेकिन लगातार हो रही भारी बारिश इसमें बाधा बन रही है। यमुनोत्री हाईवे पर पहाड़ों से भारी भरकम बोल्डर गिरने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाईवे पर मलबा और बोल्डर गिरने के चलते हाईवे एक बार फिर अवरुद्ध हो गया है। डाबरकोट भूस्खलन जोन में पहाड़ी से मलबा और बोल्डर गिरने का सिलसिला बंद ही नहीं हो रहा है। तेज धूप खिलने के बाद भी पहाड़ी से बोल्डर और पत्थर गिर रहे हैं। जिसके चलते हाईवे पर दोनों ओर वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर रोक दिया गया है।

# 15 अगस्त को आयोजित होंगे मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद में आगामी 9 अगस्त से 15 अगस्त तक आयोजित होने जा रहे मेरी माटी मेरा देशष्कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी रीना जोशी की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ देश की माटी एवं वीरों से जुड़ने वाले कार्यक्रम श्मेरी माटी मेरा देशष कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी ने पावर प्रजेन्टेशन के माध्यम से बताया कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में शिला फलकम की स्थापना, पंचप्रण शपथ एवं सेल्फी, वसुधा वंदन, वीरों का वंदन, झंडारोहण व राष्ट्रगान, हर घर तिरंगा एवं मिट्टी यात्रा कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। शिला फलकम की स्थापना के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर या अन्य जल निकाय के किनारे क्षेत्र के वीरों के नाम की स्मारक पट्टिका की स्थापना की जाएगी।पंचप्रण शपथ एवं सेल्फी कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में मिट्टी अथवा मिट्टी का दिया लेकर देश की अखंडता एवं एकता, देश के विकास तथा देश का सम्मान बनाये रखने संबंधी पंचप्रण शपथ



ली जायेगी तथा सेल्फी लेकर संबंधित वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। उन्होंने बताया कि वसुधा वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में अमृत वाटिका बनाई जाएगी जिसमें पौधरोपण किया जायेगा। वीरों का वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं सेना के शहीदों के परिवारों सहित अन्य क्षेत्र के शहीदों के परिवारों को सम्मानित किया जायेगा। झंडा रोहण एवं राष्ट्रगान कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक कार्यक्रम में तिरंगे झंडे का रोहण व राष्ट्रगान गाया जायेगा। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आगामी 13 अगस्त से 15 अगस्त तक जनपद के सभी संस्थानों व घरों में राष्ट्रीय ध्वज के रोहण हेतु लोगों को प्रोत्साहित किया जायेगा। मिट्टी यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत से विकासखंड तक तथा विकासखंडों से नई दिल्ली कर्तव्य पथ तक मिट्टी यात्रा निकाली जायेगी। इसी अवधि में यह सभी कार्यक्रम इसी प्रकार जनपद के शहरी क्षेत्रों में भी आयोजित किये जाएंगे। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को दायित्वों का निर्वहन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं आमजन से मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में प्रतिभाग करने की अपील की। .बैठक में डीएफओ जीवन मोहन दगाड़े, सीडीओ वरुण चौधरी, ईओ नगर पालिका राजदेव जायसी सहित विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि, खण्ड विकास अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# उफान पर आई टोंस नदी, सेल्फी लेते वक्त बहे दो युवकों को बचाया

देहरादून। बारिश के कारण टोंस नदी अचानक उफान पर आ गई। इसमें एक के बाद एक दो जगहों पर चार युवकों के बहने की सूचना आई। पहली घटना में दो युवक सेल्फी लेते वक्त एक टापू से नदी में गिर गए। आनन-फानन में पुलिस वहां पहुंची तो पुल से रस्सी डालकर उन्हें ऊपर खींच लिया गया। वहीं, दूसरी तरफ जलवायु टावर के पास दो युवक पानी में बहकर टापू पर फंस गए। इन्हें निकालने के लिए मौके पर एनडीआरएफ की टीम पहुंच गई है। सोमवार को ऊंचाई वाले इलाकों पर बारिश के कारण टोंस नदी का अचानक जल स्तर बढ़ गया। पुलिस ने आसपास के इलाकों में मुनादी कर नदी किनारे रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने को कहा। एसओ प्रेमनगर पीडी भट्ट ने बताया कि शाम करीब सात बजे सूचना मिली कि दो युवक नदी में बह गए हैं। इस पर पुलिस ने नदी के दोनों ओर से मोर्चा संभाला। एक टीम



उत्तरांचल यूनिवर्सिटी के सामने पुल पर भी खड़ी हो गई। दोनों युवक चिल्लाते हुए पानी में बहते हुए पुल के नीचे से निकलने वाले थे। इसी दौरान पुलिस ने वहां रस्सी फेंक दी। दोनों युवकों को इन रस्सियों के सहारे ऊपर खींच लिया गया। बचाए गए युवकों के नाम अनिल कुमार और जिम्मेदार निवासी बिहार हैं। उधर, झाझरा में जलवायु टावर के पीछे भी दो युवकों के बहने की सूचना मिली। पता चला कि दोनों युवक पानी में बहकर एक टापू पर पहुंच गए हैं। रात के अंधेरे में पुलिस को रेस्क्यू अभियान चलाने में मुश्किल आई तो एनडीआरएफ को सूचना दी गई। पास ही के कैंप से एनडीआरएफ की टीम वहां पहुंची और युवकों की तलाश शुरू की।

# जिला स्तरीय विकास प्राधिकरणों की समीक्षा बैठक में दिये दिशा निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में आज सचिवालय में जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण/विकास प्राधिकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में पार्किंग परियोजनाओं, प्राधिकरण स्तर पर संचालित अन्य परियोजनाओं, को आसान बनाए जाने के साथ ही निधारित अवधि में स्वीकृत कराना सुनिश्चित करें व प्राधिकरण स्तर पर संचालित पार्किंग परियोजनाओं को तेजी से पूर्ण करते हुए टर्नल व मैकेनिकल पार्किंग हेतु संभावनाएं तलाशी जाए। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर पार्किंग विकासित किये व्यवस्था के नियोजन के लिए सिटी मोबेलिटी प्लान तैयार किया जाए व महायोजना निर्माण में सिटी मोबेलिटी प्लान के आधार पर प्राविधान किया जाए व प्राधिकरणों को प्राप्त वाले शेल्टर फण्ड का उपयोग दुर्बल आय वर्ग के आवासों के निर्माण में किया जाए। बैठक में श्री



महायोजना, सिटी मोबलिटी प्लान यूनिटी मॉल, लैण्ड बैंक, शेल्टर फण्ड, फसाड पॉलिसी, टी.डी.आर, पार्किंग पॉलिसी व प्राधिकरणों में मानचित्रों के निस्तारण ई-ऑफिस/ईज ऐप आदि की समीक्षा की गयी। अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि विकास प्राधिकरण मानचित्र स्वीकृति जाने हेतु उत्तराखण्ड पार्किंग नियमावली के अन्तर्गत निजी भू-धारकों से प्रस्ताव प्राप्त करने में तेजी लायी जाए। उन्होंने निर्देश दिये गये कि प्राधिकरण स्तर पर चलाये जाने वाली योजनाओं के प्रभावी नियोजन हेतु समय सारणी बनायी जाए। एसीएस ने कहा कि शहरों की यातायात एस. एन. पाण्डेय सचिव आवास, श्री बंशीधर तिवारी उपाध्यक्ष एमडीडीए श्री हरिशचन्द काण्डपाल उपाध्यक्ष जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर, श्री अंशुल सिंह उपाध्यक्ष हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण सहित सभी प्राधिकरणों के सचिव मौजूद रहे।

# आबकारी विभाग से एक प्रति बोतल सैस खेल और महिला कल्याण कोष में जमा होगा : रेखा

देहरादून(उद संवाददाता)। खेल तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती रेखा आर्य ने सामेवार को विधानसभा स्थित सभागार में आबकारी विभाग से 0 1/- प्रति बोतल सैस निर्धारित कर प्राप्त धनराशि खेल कोष अथवा महिला कल्याण में जमा किये जाने के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। मार्च 2023 में कैबिनेट के निर्णय के अनुसार जिसमें महिला कल्याण, खेल कल्याण तथा गौ सेवा के लिए 0 1/- प्रति बोतल आबकारी विभाग सैस के रूप में अनुशंसा की गई थी और इससे प्राप्त धनराशि को महिला सशक्तीकरण, खेल कल्याण तथा गौ सेवा हेतु उपयोग में लाया जायेगा किंतु उपरोक्त के सन्दर्भ में अगस्त 2023 तक उचित कार्यवाही न होने पर अधिकारियों पर सख्त नाराजगी जताई। वहीं बैठक में कैबिनेट में लिये गये निर्णय के अनुसार 1/- प्रति बोतल सैस को संशोधित करते हुए रू0 1/- प्रति बोतल



अतिरिक्त शुल्कष के रूप में आबकारी विभाग द्वारा संग्रह किये जाने का प्रावधान किया जायेगा साथ ही वित्त विभाग द्वारा इस संबंध में सहमति प्रदान की गई है। आगामी अनुपूरक बजट में संबंधित विभागों द्वारा मांग किये जाने के आधार पर आबकारी विभाग द्वारा धनराशि का आवंटन किया जा सकेगा, साथ ही 1/- प्रति बोतल अतिरिक्त शुल्क के संबंध में महिला सशक्तीकरण तथा खेल विभाग अपनी नियमावली तैयार करेंगे, जिससे धनराशि के व्यय के मानकों का तय किया जा सके तथा संबंधित विभागों को समय पर धनराशि उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर विशेष प्रमुख सचिव, खेल, श्री अभिनव कुमार, सचिव, वित्त, श्री दिलीप जावलकर, सचिव, महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग, श्री हरिचंद्र सेमवाल तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**सीएम ने बांटे....**को ढूंढकर सम्मानित करने का प्रयास किया जा रहा है। जितना देवभूमि के रूप में उत्तराखंड का परिचय होता है उसी तरह देवियों की भूमि के रूप में हो। इसके लिए हर महिला तो तीलू रौतेली बनना होगा, परिश्रम करना होगा। रेखा आर्या ने कहा कि जाति, वर्ग, रंग की बात कहने वाला कमजोर होता है। इंसान के कर्मों से बड़ी कोई चीज नहीं, जब जब इंसान अपनी क्षमता भाव दिखाता है वही उसका असली परिचय बनता है। रेखा आर्याने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से कहा कि आज मेरी वेशभूषा भी आपकी तरह है। मंच की सीट पर मैं नहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता यानी आप बैठी हैं। उन्होंने कहा कि यह वेशभूषा आपकी सेवाओं का प्रतीक है। जहां आंगनबाड़ी को सम्मान के साथ मानदेय मिल रहा है, ऐसा करने वाला उत्तराखंड दूसरे व तीसरे स्थान पर है। रेखा आर्या ने कहा कि कहा कि तीलू रौतेली ने 15 वर्ष में जो काम किया वह आज की महिलाएं बेटियां अपनी क्षमता को पहचान कर किसी भी परिस्थिति व किसी भी उम्र में कर सकती हैं। मेरी माटी मेरा देश अभियान को मिलकर सफल बनाएं। देवभूमि की महिलाएं अपनी सफलता का परच लहराकर घाटी का नाम रोशन कर रही हैं।

**नशे के इंजेक्शन...** आरोप था कि दंपती नशे की हालत में उसे होटल में लेकर गए थे और देह व्यापार कराया था। वह किसी तरह कमरे से भाग निकली थी। महिला ने अपना पता केला भट्टा, गाजियाबाद बताया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मोहम्मद शाकिब निवासी पट्टी बरला, थाना छपार मुजफ्फरनगर व उसकी पत्नी खुशी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था। एसएसपी अजय सिंह ने पुलिस को गंभीरता से जांच के निर्देश दिए थे। जांच के दौरान पुलिस महिला के पति तक पहुंची और उससे पूरे मामले की जानकारी ली। वहां पता चला कि महिला नदीम निवासी गोविंदपुरी सहारा रोड, थाना मोदीनगर जिला गाजियाबाद के केला भट्टा निवासी के साथ काम के सिलसिले से रुड़की आई थी। इसके बाद नदीम ने उसे साकिब के साथ भेज दिया था। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**भारी बारिश से ...**वाहन में दो लोग सवार थे। जिसमें से एक व्यक्ति त्रिलोक सिंह नाले में गिर गया और बह गया। वहीं, दूसरी तरफ उसका दूसरा साथी किसी तरह बाहर निकला और पुलिस को सूचना दी। सुबह थाना अध्यक्ष भगवान सिंह मैहर के नेतृत्व में एसडीआरएफ की टीम में ग्रामीण की तलाश शुरू की। लेकिन दोपहर तक उसका कोई सुराग नहीं मिला था।

**भूस्खलन सेहोटल...**गौरीकुंड से सोनप्रयाग तक 175 दुकानें ध्वस्त की गई थीं। उप जिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि सभी दुकानों को अवैध अतिक्रमण व सुरक्षा की दृष्टि से तोड़ा गया है।

# कोटद्वार में भारी भूस्खलन से मलबे में दबा स्कूल

कोटद्वार। प्रदेश के कई जिलों में बारिश आफत बनकर बरस रह है। भारी बारिश के चलते आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। अलग-अलग जगहों से भूस्खलन की खबरे सामने आ रही हैं। वहीं सोमवार देर रात पौड़ी जनपद के कोटद्वार में एक स्कूल भूस्खलन की चपेट में आ गया।कोटद्वार के दुगड्डा ब्लॉक के राजकीय प्राथमिक विद्यालय जखमोला ख्वाल में सोमवार देर रात भारी भूस्खलन हो गया।



जिसके चलते स्कूल मलबे में दब गया। गनीमत रही हादसा दोपहर में नहीं बल्कि देर रात हुआ। वरना कोई बड़ा हादसा हो सकता था।जानकारी के मुताबिक मामले को लेकर उपखंड अधिकारी अमित चंद ने बताया कि स्कूल का आधे से ज्यादा हिस्सा मलबे में धंस गया है। इसके चलते बच्चों की छुट्टी रखी गई है। बुधवार से गांव के पंचायत घर में बच्चों की पढ़ाई शुरू की जाएगी।

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# भगत और रौतेला ने किया दो सड़कों का शिलान्यास

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम हल्द्वानी क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नं. 41 में भगवानपुर जयसिंह के जगत बिहार, संगम विहार फेज 4, विष्णुपुरम, लोहरियासल मल्ला, कानपुर रोड, प्रेम विहार में पीसी मार्ग नवनिर्माण और वार्ड नं- 41 में भगवानपुर जयसिंह के संगम विहार, फुट हिल सिटी, सिद्धिविनायक एवं गुरुकुल के पीछे के आंतरिक मार्गों का विधायक बंशीधर भगत और मेयर जोगेन्द्र रौतेला




ने शिलान्यास किया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि एवं प्रदेश प्रवक्ता भाजपा विकास भगत, जिला महामंत्री नवीन भट्ट, क्षेत्रीय पार्षद एवं मण्डल महामंत्री चंद्रप्रकाश, पार्षद गोविंद बढ़ती , पार्षद-40 प्रमोद पंत, पार्षद 42 एवं मण्डल अध्यक्ष धीरज पाण्डे एवं नगर निगम के सहायक अभियंता नवल नौटियाल, अपर अभियंता महेंद्र बिष्ट आदि स्थानीय नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# अवैध संबंधों के चलते पत्नी ने प्रेमी संग मिल कर की थी पति की हत्या

## गला दबाकर की गयी हत्या, हत्यारोपी पत्नी और उसके प्रेमी को किया गिरफ्तार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। बाजपुर में अहमद हसन की हत्या उसी की पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर सनसनीखेज हत्याकाण्ड का खुलासा कर कर दिया है ।एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि बीती 5 अगस्त को मो0 आसिम पुत्र मो0 अहमद निवासी लंगडाभोज, मुकन्दपुर थाना गदरपुर में सूचना दी कि उसका चचेरा भाई अहमद हसन पुत्र मौ0 हसन मूल निवासी बाजावाला थाना स्वार जिला रामपुर उत्तर प्रदेश जो कि पिछले 4वर्षो से ग्राम केशोवाला बाजपुर में अपनी ससुराल के पास मकान बना कर रह रहा था। 4 अगस्त की रात उसकी संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी। सूचना पर थाने से प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सिंह कोश्यारी टीम के साथ पहुँचे व मृतक अहमद हसन के शव का निरीक्षण कर शव पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। मृतक अहमद हसन की संदिग्ध मृत्यु के खुलासे के लिए चार टीमो का गठन किया गया।मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि अहमद हसन की मृत्यु गला दबाकर व गलें की हड्डी टूटने से हुई थी। मामले में मृतक के चचेरे भाई मौ0 आसिम की तहरीर पर कोतवाली बाजपुर में रुबीना पत्नी स्व0 अहमद हसन और दानिश अली पुत्र शरीफ अहमद निवासी उदमावाला तहसील ठाकुरद्वारा थाना भरतपुर मुरादाबाद , गौहर अली , नाजिम पुत्र गौहर अली, मौसिन पुत्र गौहर अली निवासीगण केशोवाला बाजपुर के खिलाफ मुकदमापंजीकृत किया गया । पुलिस टीम ने सघन पूछताछ कर मृतक अहमद हसन की पत्नी रुबीना को उसके घर के बाहर केशोवाला बाजपुर से गिरफ्तार कर लिया जो कि बाहर भागने की फिराक मे थी। रूबीना ने पूछताछ में हैरतअंगेज खुलासा करते हुए बताया कि पति अहमद हसन सितम्बर 2021 में



बहरीन चले गये थे पति का व्यवहार उसके प्रति अच्छा नही था वह बात बात पर हाथापाई और गाली गलोच करता था। विदेश से भी फोन पर गाली गलोच करता था और तलाक की धमकी देता था। रूबीना ने बताया कि करीब 8 महीने पहले जनवरी 2023 में दानिश पुत्र शरीफ निवासी ग्राम ताहमदन थाना भगतपुर जिला मुरादाबाद से उसकी नजदीकियां बढ़ गयी और दोनों एक दूसरे को चाहने लगे। दोनों के बीच शारीरिक सम्बन्ध भी बनने लगे । फिर दानिश भी फरवरी 2023 में सऊदी अरब चला गया। फोन व व्हाट्सऐप पर दोनों के बीच बात होती रहती थी। इसी बीच पति बहरीन से वापस आ गया और दानिश भी सऊदी से वापस घर आ गया था। विदेश से आने के बाद पति ने बोला कि अब वह विदेश नही जायेगा। जिस पर रूबीना और दानिश ने अहमद हसन अहमद हसन की हत्या की योजना बनायी। प्लानिंग के तहत दिनांक 4 अगस्त 2023 को दिन में 11 से 11.30 बजे के बीच दानिश अपनी मोटर साइकिल से रूबीना के घर के गेट पर आया और एक कागज की पुडिया में नीद की गोली दें गया। जो रूबीना ने पति की रोटी में मिलाकर खिला दी। जिससे उसको गहरी नीद आ गयीं। इसके बाद रूबीना ने दुपट्टे से उसके हाथ उसी चारपाई पर ठीक से बांध दिये और फोन करके दानिश को बुला लिया। फिर दानिश ने बिस्तर पर रखा एक तकिया लिया और पति के सीने पर चढ़कर मुहं दबा दिया। पति को बिल्कुल मौका नही मिला दानिश ने करीब 20 मिनट तक मुहं दबाके रखा जब वह थक गया तो फिर रूबीना ने 15 -20 मिनट तक मुहं दबाया। उसी समय दानिश ने हाथ में बंधे दुपट्टे को एक तरफ से खोल कर मेरे पति का गला दबाया जब यकीन हो गया कि वह मर गया है फिर दानिश वापस चला गया। योजना के सुबँह रूबीना ने अपने पिता और सभी मोहल्ले वालों को बताया कि पति की रात से तबियत खराब थी और वह कोई दवा खा कर लेट गये थे और अब उठ नही रहे। सब लोगों ने उसकी बात का यकीन कर लिया । जब पति का चचेरा भाई आसिम घर पर आया तो उसने यकीन नही किया। रुबीना ने पुलिस पूछताछ में बताया कि दानिश टाहमदन मे मस्जिद के पास रहता है और रात को सऊदी की फ्लाईट के लिये दिल्ली को जाने वाला है जिस पर पुलिस ने दानिश अली पुत्र पुत्र शरीफ अहमद को भी उसके घर के बाहर से गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने खुलासा करने वाली टीम को 1500 रुपए का नगद इनाम देने घोषणा की है।

# बहेड़ी से स्मैक ला रहा तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बहेड़ी से तस्करी कर बेचने के लिए स्मैक ला रहा एक नशा तस्कर चौकिंग के दौरान पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने उसके पास से 10.5 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की। जानकारी के अनुसार हरेन्द्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में उनि गुलाब सिंह चौकी प्रभारी मण्डी समेत कोतवाली व जिला एएनटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा बीती रात चौकिंग के दौरान पोस्टमार्टम हाउस से कुछ दूरी पर रामपुर रोड की तरफ एक युवक को चोरी छिपे अवैध स्मैक की तस्करी करते हुए गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 10.5 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता जावेद पुत्र अफजाल निवासी इन्द्रानगर खवाजा कालोनी रेलवे पटरी थाना बनभूलपुरा हाल निवासी शफदर का



बगीचा थाना बनभूलपुरा बताया। उसने बताया कि वह स्मैक को बहेडी बस स्टेशन के पास से एक व्यक्ति से खरीदकर लाता है और हल्द्वानी व आस-पास क्षेत्र में लड़कों को बेचकर अधिक पैसे कमाता है। पुलिस ने बरामद स्मैक कब्जे में लेकर जावेद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में उनि गुलाब सिंह कम्बोज प्रभारी चौकी मण्डी,कानि. अरुण राठौर, अमनदीप सिंह व राजेन्द्र जोशी आदि शामिल थे।

# शेर नाले के तेज बहाव में बह गया मैजिक चालक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मध्य रात्रि चोरगलिया क्षेत्र में यात्रियों को लेकर जा रहा मैजिक वाहन चालक शेर नाले के तेज बहाव की चपेट में आकर बह गया। मामले की जानकारी मिलते ही चोरगलिया थाना पुलिस के साथ ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और उसने चालक की खोजबीन शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार कुमाऊं के पर्वतीय क्षेत्रों में बरसात निरंतर जारी रहने से नदियों व नालों का जलस्तर काफी बढ़ गया है। मध्य रात्रि लगभग तीन बजे दानी बंगर गौलापार निवासी त्रिलोक सिंह बिष्ट मैजिक वाहन में यात्रियों को लेकर जा रहा था। मार्ग में बहने वाले शेर नाले में अधिक पानी बहने के बावजूद भी उसने वाहन से नाला पार करने की कोशिश की। बताया जाता है कि इसी बीच अचानक पानी का तेज बहाव आया। जिसमें वह फंस गया और वह थोड़ी देर बाद बाहर निकल कर आगे चला गया। लेकिन थोड़ी देर में उसे याद आया कि उसका मोबाइल वाहन में ही छूट गया है । इसके बाद चालक त्रिलोक अपना मोबाइल निकालने के लिये दोबारा से मैजिक वाहन की तरफ गया और अपना मोबाइल निकालने लगा। इसी दौरान नाले में पानी का बहाव तेज हो गया और त्रिलोक बिष्ट शेर नाले के तेज बहाव की चपेट में आकर बह गया। वहां खड़े लोगों ने मैजिक चालक के नाले में बहने की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चोरगलिया थाना पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर आ गई आय उन्होंने नाले के तेज बहाव में बहे चालक की तलाश शुरू कर दी। बताया जाता है कि मौके पर रात्रि एक बजे तक पुलिस कर्मी ड्यूटी पर मौजूद थे। शेर नाले में पानी के तेज बहाव को देखते हुए यातायात रोका गया था। बहाव काम होने के बाद वाहनों की आवाजाही शुरू करवाकर पुलिसकर्मी लौट गए। कुछ देर बाद नाले में अचानक पानी का बहाव फिर से तेज हो गया। जिस कारण यह घटना घटित हो गई।समाचार लिखे जाने तक नाले में बहे मैजिक चालक त्रिलोक सिंह बिष्ट की खोजबीन जारी थी।

